कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 12.08.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

विश्व हाथी दिवस

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व हाथी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल द्वारा हाथी संरक्षण हेतु ''हाथी प्रतिज्ञा'' दिलाई गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हाथियों के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता है। लुप्त प्राय प्राणियों में एक हाथी भी है, हाथी हमारे लिए अत्यंत उपयोगी है। अतः उसकी सुरक्षा का दायित्व भी हम सबका है। डॉ0 मोहम्मद शोएब, सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र ने हाथी से संबंधित पी0 पी0 टी0 प्रस्तुत किया जिसमें हाथियों के विविध प्रजातियों के विषय में जानकारी प्रदान की तथा विलुप्त होने से बचाने के सुझाव दिये। हाथियों के दुर्दशा के बारे में जागरूकता पैदा करने तथा बंदी एवं जंगली हाथियों की बेहतर देखभाल व प्रबंधन के लिए ज्ञानात्मक व सकारात्मक समाधान प्रस्तुत किया। इस अवसर श्रीमती ज्योति भरणे, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी ने कहा कि हाथी हमारी संस्कृति एवं इतिहास से जुड़े रहे हैं। हाथियों की सुरक्षा एवं संवर्धन करना हम सबका दायित्व है। डॉ0 सुषमा यादव कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती राठौर व आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया। श्री विमल यादव एवं विजय चन्द्राकर का विशेष सहयोग रहा।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

विश्व हाथी दिवस